## खबर संक्षेप

### केवलारी में लगी आग, फायर ब्रिगेड पहुँची

**हरिभूमि न्यूज । केवलारी।** नगर के मालवीय वार्ड क्रमांक 12 स्थित शासकीय प्राथमिक कन्या शाला केवलारी के सामने निवासरत अल्लू चौरसिया के मकान में गुरुवार को दोपहर लगभग 1:30 बजे अज्ञात कारणों के चलते आग लग गई। देखते ही देखते आग ने विकराल रूप धारण कर लिया। आसपास के लोगों द्वारा फायर ब्रिगेड को सूचना दिए जाने पर केवलारी से फायर ब्रिगेड मौके स्थल में पहुंची। जहां आग पर काबू कर लिया गया। हालांकि आग से घर पर रखा टेंट का सामान, घर के दरवाजे चौखट आदि अन्य सामान जलकर राख हो गया। सूचना मिलते ही विद्युत वितरण कंपनी के अधिकारी-कर्मचारी, तहसीलदार, एसडीओपी, पुलिस प्रशासन मौके पर पहुंचे।

### राज्यमंत्री श्री लखन पटेल का दौरा कार्यक्रम

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** मध्यप्रदेश शासन के पशुपालन एवं डेयरी विभाग के राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) श्री लखन पटेल 20 एवं 21 मार्च 2026 को सिवनी जिले के दौरे पर रहेंगे। जारी कार्यक्रम के अनुसार मंत्री श्री पटेल 20 मार्च को दमोह से प्रस्थान कर शाम 8:30 बजे सिवनी पहुंचेंगे, जहां वे सर्किट हाउस में रात्रि विश्राम करेंगे। अगले दिन 21 मार्च को प्रातः 8:30 बजे वे सिवनी से नागपुर (महाराष्ट्र) के लिए रवाना होंगे। नागपुर में पूर्व निर्धारित स्थानीय कार्यक्रमों में शामिल होने के बाद वे शाम 4:00 बजे भोपाल के लिए प्रस्थान करेंगे।

### घरेलू गैस सिलेंडर के व्यावसायिक उपयोग पर कार्रवाई, 5 सिलेंडर जब्त

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** घरेलू गैस सिलेंडरों के व्यावसायिक प्रतिष्ठानों में दुरुपयोग के विरुद्ध जिले में लगातार कार्रवाई जारी है। इसी क्रम में विभिन्न अनुविभागों में गठित जांच दल द्वारा प्रतिष्ठानों की जांच की गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार, सिवनी अनुविभाग अंतर्गत सुभाष चौक, बुधवारी बाजार क्षेत्र में स्थित एक प्रतिष्ठान की जांच के दौरान घरेलू गैस सिलेंडरों का व्यावसायिक उपयोग पाए जाने पर कार्रवाई की गई। जांच के दौरान कुल 5 गैस सिलेंडर जब्त किए गए। यह कार्रवाई मध्यप्रदेश द्रवीकृत पेट्रोलियम प्रदाय एवं वितरण (विनियमन) आदेश 2000 के तहत की गई है तथा संबंधित प्रकरण दर्ज कर नियमानुसार आगे की कार्यवाही की जा रही है।

जिला प्रशासन ने आम नागरिकों एवं व्यापारियों से अपील की है कि घरेलू गैस सिलेंडरों का उपयोग केवल घरेलू प्रयोजनों के लिए ही करें। व्यावसायिक उपयोग पाए जाने पर नियमानुसार सख्त कार्रवाई की जाएगी।

### जिले में नवाचार के तहत राजमा फसल का बढ़ रहा क्षेत्र विस्तार

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** कृषक कल्याण वर्ष 2026 के अंतर्गत जिले में नवीन फसलों को स्थापित करने की दिशा में लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। कलेक्टर श्रीमती शीतला पटले के निर्देशानुसार एवं उपसंचालक कृषि के मार्गदर्शन में जिले में राजमा फसल को बढ़ावा दिया जा रहा है। राजमा, जो कि दलहन वर्ग की फसल है, कम लागत में अधिक लाभ देने वाली फसल के रूप में उभर रही है। अन्य फसलों की तुलना में इसमें कम पानी एवं कम उर्वरक की आवश्यकता होती है। साथ ही, यह फसल भूमि की उर्वरा शक्ति को बढ़ाने में भी सहायक है, जिससे आगामी फसलों में उर्वरक की आवश्यकता कम हो जाती है। विकासखंड सिवनी के ग्राम खेरी के कृषक आदित्य बघेल द्वारा लगभग 18 एकड़ क्षेत्र में राजमा की खेती की गई है, जिसकी कटाई का कार्य प्रारंभ हो चुका है। जिले में वर्तमान में लगभग 150 से 200 एकड़ क्षेत्र में राजमा फसल का रकबा विस्तार हुआ है, जिससे आने वाले समय में कृषकों को बेहतर आर्थिक लाभ मिलने की संभावना है। उपसंचालक कृषि सुधीर कुमार धुर्वे एवं आत्मा परियोजना की टीम द्वारा कृषकों के खेतों का निरीक्षण कर उन्हें दलहन एवं तिलहन फसलों का रकबा बढ़ाने हेतु प्रेरित किया जा रहा है।

### बेमौसम बारिश और हल्की ओलावृष्टि ने किसानों की बढ़ा दी चिंता

**गोपालगंज :** थाना क्षेत्र लखनवाड़ा अंतर्गत ग्राम गोपालगंज, नन्दौरा, बाघराज सहित मोहगांव,कातालबोड़ी में गुरुवार को अचानक मौसम ने करवट ले ली। तेज हवाओं के साथ हुई बेमौसम बारिश और हल्की ओलावृष्टि ने किसानों की चिंता बढ़ा दी है। मोहगांव के सरपंच कमलेश सनोदिया ने बताया कि इस समय गेहूं सहित अन्य रबी फसलों की कटाई का दौर चल रहा है। ऐसे में बारिश किसानों के लिए नुकसानदायक साबित हो सकती है। तेज हवा और पानी से खड़ी फसल गिरने का खतरा बढ़ गया है।

## श्री गुरुद्वारा साहिब में आयोजन में शामिल हुए कलेक्टर, पुलिस अधीक्षक एवं एसडीएम

# चेटीचन्ड्र महोत्सव पर विशाल वाहन रैली और भव्य शोभायात्रा का हुआ आयोजन

**मण्डला।** सिंधी समाज के इष्ट देव वरुण अवतार भगवान श्री झूलेलाल सांई का जन्म दिवस चेटीचन्ड्र महोत्सव के रूप में सिंधी समाज के द्वारा धूमधाम से मनाया गया,पूज्य सिंधी पंचायत,सिंधु नवयुवक मंडल एवं मातृशक्ति सदस्यों के द्वारा विविध आयोजन किए गए, आयोजन की श्रृंखला में एक सप्ताह पहले गुरु ग्रंथ साहिब का पाठ आरंभ किया गया जो कि नियमित रूप से पाठन किया गया,पंडित रानूनाथ शर्मा की मौजूदगी में भगवान श्री झूलेलाल सांई जी का जल अभिषेक किया गया,तत्पश्चात झूलेलाल सांई जी का श्रृंगार किया गया,श्री गुरुद्वारा साहिब में भजन कीर्तन, आरती, पूजा के साथ सभी परिवारों की सुख शांति के लिए अरदास की गई,सामाजिक जनों के द्वारा इस अवसर पर नाच गायन करते हुए जन्मोत्सव की बधाइयां दी गईं, साप्ताहिक पाठ का भोग का कार्यक्रम संपन्न हुआ,सामाजिक जनों के द्वारा गुरु ग्रंथ साहिब पर चोला चढ़ाया गया। इस अवसर पर सामाजिक सदस्यों की मौजूदगी में भाई साहब हरनाम उदासी के द्वारा पल्लव पूजा का कार्यक्रम संपन्न हुआ,तत्पश्चात आम लंगर का आयोजन किया गया जिसमें सभी शामिल जनों ने प्रसादी ग्रहण की।





### वाहन रैली का जगह जगह हुआ स्वागत -

सुबह सामाजिक जनों के द्वारा विशेष ड्रेस कोड के साथ वाहन रैली निकाली गई जिसको समाज के वरिष्ठ जनों ने झंडी दिखाकर रवाना किया।वाहन रैली शहर के मुख्य मार्गों से होते हुए पुनः गुरुद्वारा साहिब में विराम ली, रैली भगवान झूलेलाल सांई के जयकारों के साथ गुंजायमान रही, वाहन रैली का जोर शोर से स्वागत किया गया।जगह जगह स्वागत में स्वल्पाहार का आयोजन भी किया गया, वाहन रैली में बड़ी संख्या में पुरुष,महिलाएं और बच्चे शामिल हुए,युवाओं में बहुत उत्साह देखा गया।

### कलेक्टर,पुलिस अधीक्षक, एसडीएम हुए शामिल -

चेटीचन्ड्र महोत्सव के अवसर पर श्री गुरुद्वारा साहिब में विविध आयोजन किए गए। आयोजन में मंडला कलेक्टर सोमेश मिश्रा,पुलिस अधीक्षक रजत सकलेचा एवं एसडीएम सोनल सिडाम मेडम शामिल हुए। इन्होंने भगवान झूलेलाल एवं श्री गुरुग्रंथ साहिब पर चोला चढ़ाया,माथा टेककर आशीर्वाद लिया। आयोजित लंगर में शामिल होकर गुरु प्रसादी ग्रहण की। इस अवसर पर पूज्य सिंधी पंचायत मंडला के द्वारा कलेक्टर महोदय,पुलिस अधीक्षक महोदय एवं एसडीएम मेडम को शॉल पहनाकर सम्मान किया गया।

### भगवान श्री झूलेलाल की झांकी के साथ निकली शोभायात्रा -

सायंकाल में श्री बहिराणा साहब का पूजन अर्चन किया गया एवं विशाल शोभायात्रा निकाली गई, भगवान झूलेलाल,संत कंवर राम एवं महापुरुषों की आकर्षक झांकियां से सुसज्जित,बैंड बाजे सहित विशाल शोभायात्रा गुरु के जयकारों के साथ गुंजायमान रही, शोभा यात्रा का जगह-जगह स्वागत सत्कार किया गया एवं स्वल्पाहार की व्यवस्था रखी गई,शोभायात्रा नगर के मुख्य मार्गों से होते हुए मां नर्मदा के पावन तट पर गुरु अरदास एवं पल्लव पूजा के साथ संपन्न हुई।

### अंबेडकर वार्ड श्री झूलेलाल मंदिर में भी हुए आयोजन -

अंबेडकर वार्ड स्थित श्री भगवानी बाई केवलराम श्री झूलेलाल मंदिर में चेटीचन्ड्र महोत्सव पर भगवान श्री झूलेलाल की पूजा अर्चना, शहनाई के साथ कीर्तन किया गया। आयोजित विविध स्वादिष्ट व्यंजनों की चौपाटी में बड़ी संख्या में सामाजिक जन शामिल हुए। शाम को बहिराणा साहब की पूजा अर्चना के पश्चात पालकी शोभायात्रा निकाली गई। इस अवसर पर मंदिर में विशेष साज सजावट की गई। कार्यक्रम में डिस्पोजल का प्रयोग नहीं करते हुए पर्यावरण जागरूकता का संदेश दिया गया।

# वीरांगना रानी अवंती बाई लोधी का बलिदान दिवस श्रद्धा व सम्मान के साथ मनाया गया



**मण्डला।** प्रथम स्वतंत्रता संग्राम 1857 की क्रांति की अग्रणी वीरांगना रानी अवंती बाई लोधी के बलिदान दिवस पर नगर के लालीपुर प्रतिमा स्थल में जनप्रतिनिधियों व समाजसेवियों की उपस्थिति में श्रद्धांजलि समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम में उनकी वीरता, त्याग और राष्ट्रभक्ति को स्मरण करते हुए श्रद्धासुमन अर्पित किए गए।

समारोह में प्रो शरद नारायण खरे, नगरपालिका अध्यक्ष विनोद कछवाहा, समाजसेवी नरेश कछवाहा, संघर्ष समिति के अध्यक्ष एड संजय चौरसिया जिला योजना अधिकारी ओम प्रकाश सिरसे, उमेश ठाकुर, राजकुमार दमाहे, गुलाब सिंगरौरे, बंधु ठाकुर कुंजन जाधेला, डीएल मोंगरे, लोधी क्षत्रिय समाज जिला अध्यक्ष कन्हैया ठाकुर, आलोक जिला अध्यक्ष राजेश लोधी सहित अनेक गणमान्यजन उपस्थित रहे। कार्यक्रम की शुरुआत प्रतिमा स्थल पर दीप प्रज्वलन एवं पुष्पांजलि अर्पित कर की गई।

अपने उद्बोधन में इतिहासकार प्रो शरद नारायण खरे ने वीरांगना के शौर्य, त्याग एवं समर्पण को याद करते हुए कहा कि अल्प आयु में देश के लिए प्राण न्यौछावर करने वाली रानी अवंती बाई आज भी भारतीय स्वाभिमान और नारी चेतना की प्रतीक हैं। उन्होंने बताया कि उनके शौर्य का लोहा उनके शत्रु भी मानते थे तथा आने वाले समय में कविता के माध्यम से उनके पराक्रम को जन-जन तक पहुंचाने का प्रयास किया जाएगा।

इतिहासकार प्रशांत श्रीवास्तव ने जानकारी दी कि रानी अवंती बाई के जीवन पर फिल्म निर्माण की तैयारी शुरू कर दी गई है, जिसके लिए उनसे जुड़ी ऐतिहासिक सामग्री एकत्रित की जा रही है।

पूर्व नगरपालिका अध्यक्ष नरेश कछवाहा ने कहा कि 1857 की क्रांति के दौरान रानी अवंती बाई ने राजाओं को चूड़ियां भेजकर युद्ध के लिए प्रेरित किया था, जिससे राष्ट्रभाव जागृत हुआ। उन्होंने रानी अवंती बाई संघर्ष समिति के कार्यों को याद करते हुए कहा कि लालीपुर स्थित प्रतिमा और झूला पुल जैसे निर्माण उनके संघर्ष का परिणाम हैं।

कार्यक्रम में लखन कछवाहा ने स्वरचित कविता का पाठ कर वीरांगना को श्रद्धांजलि दी। वहीं महेश ठाकुर ने कहा कि वीरांगना के व्यक्तित्व व कृतित्व से हर नागरिक का रोम-रोम गौरवान्वित है तथा देश की आजादी में अविभाजित मंडला का योगदान भी महत्वपूर्ण रहा है।

# मेरी शादी कराओ हास्य नाट्य मंचन में बाल कलाकारों ने बिखेरे रंग

**आयोजित हास्य नाट्य मंचन के माध्यम से मौजूदा परिवेश पर दिया जागरूकता संदेश**



**मण्डला।** चेटीचन्ड्र महोत्सव के आयोजन की श्रृंखला में हास्य सिंधी नाट्य मंचन ₹मुहंजी शादी करायो₹ कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसमें छोटे शहरों में मौजूदा परिवेश में युवाओं के सामने शादी के लिए आ रही समस्याओं,उनकी मांग और उनकी परिस्थितियों पर एक कार्यक्रम आयोजित किया गया। शादी की उम्र हो गई है,पर रिश्ता नहीं मिल रहा,कभी लड़के की डिमांड,तो कभी लड़की की शर्तें। वर्तमान परिवेश में युवाओं की इसी कशमकश और शादी की समस्याओं को एक हास्य व्यंग्य के रूप में पिरोया गया। इसमें बाल कलाकारों ने अपनी अभिनय प्रस्तुति के माध्यम से समाज और युवाओं को जागरूकता का संदेश दिया। यह नाटक न केवल मनोरंजन अपितु समाज की बदलती परिस्थितियों पर सोचने को मजबूर करने पर आधारित रहा। नाट्य मंचन में वीरा भिरानी, मान्या पमनानी,सानविका आलवानी,कनक सहजवानी, नम्रता गिदवानी, मिष्ठी नेभवानी, एंजल कुकरेजा,माही गिदवानी, अनवि मूलचंदानी,प्रीत इसरानी, दीपिका ककवानी,चारु मालवानी,युवराज सहजवानी, रेयांश माखीजा,शुभ जसवानी, मनन पमनानी,अबीर सिंहानी, जतिन गैलानी,निहाल पमनानी, आशीष गिदवानी ने सहभागिता की। इस नाट्य मंचन की रूपरेखा तैयार करने में राशि पमनानी एवं राजुल सिंहानी की सराहनीय भूमिका रही।

## खादी एवं ग्रामोद्योग आयोग द्वारा मण्डला में उपकरण वितरण कार्यक्रम 23 मार्च को

**मण्डला।** खादी और ग्रामोद्योग आयोग द्वारा ग्रामोद्योग विकास योजना के अंतर्गत प्रशिक्षित लाभार्थियों को मशीनों एवं उपकरणों का वितरण 23 मार्च को किया जाएगा। यह कार्यक्रम रानी दुर्गावती शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय के परिसर में आयोजित होगा। आयोग द्वारा जारी पत्र के अनुसार, इस कार्यक्रम में विभिन्न विधाओं में प्रशिक्षित हितग्राहियों को टूल किट एवं अन्य आवश्यक सामग्री वितरित की जाएगी। कार्यक्रम में लगभग 1000 लोगों के भाग लेने की संभावना है। इस आयोजन में आयोग के अध्यक्ष श्री मनोज कुमार मुख्य रूप से उपस्थित रहेंगे और उनके द्वारा हितग्राहियों को सामग्री वितरित की जाएगी। गौरतलब है कि खादी एवं ग्रामोद्योग आयोग, सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम मंत्रालय के अंतर्गत कार्य करते हुए ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार सृजन एवं स्वरोजगार को बढ़ावा देने के उद्देश्य से विभिन्न योजनाओं का संचालन कर रहा है। इसी कड़ी में यह कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए महाविद्यालय प्रशासन से 22 एवं 23 मार्च को परिसर उपलब्ध कराने का अनुरोध किया गया है।

### मध्यप्रदेश में बदलेगा मौसम, कई जिलों में बारिश और आंधी का अलर्ट

**मण्डला।** मध्यप्रदेश में अगले 4 से 5 दिनों के दौरान मौसम में बड़ा बदलाव देखने को मिलेगा। राज्य के कई हिस्सों में गरज-चमक, तेज हवाएं और हल्की से मध्यम बारिश की संभावना जताई गई है। मौसम विभाग ने चेतावनी दी है कि कुछ जिलों में 30 से 40 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से तेज हवाएं चल सकती हैं, गरज-चमक के साथ बिजली गिरने की संभावना, हल्की से मध्यम वर्षा के आसार हैं। विशेष रूप से पूर्वी और उत्तरी मध्यप्रदेश के जिलों में मौसम ज्यादा प्रभावित रहेगा। तापमान में बदलाव, अधिकतम तापमान में गिरावट दर्ज की जा सकती है, न्यूनतम तापमान में हल्का उतार-चढ़ाव रहेगा एवं कई इलाकों में गर्मी से अस्थायी राहत मिलेगी। मौसम वैज्ञानिकों के अनुसार पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय है, साथ ही चक्रवाती परिसंचरण का असर तथा इन दोनों सिस्टम की वजह से प्रदेश में अस्थिर मौसम बना हुआ है। भोपाल, इंदौर, जबलपुर, ग्वालियर संभाग के कई जिले के कुछ स्थानों पर तेज आंधी और बारिश का प्रभाव अधिक रहेगा।

# खामोशी को मिली पहचानः तकनीक और संवेदनशीलता ने साहिल को मिलाया उसके परिवार से

**मण्डला। कहते हैं कि यदि प्रशासन और तकनीक के साथ मानवीय संवेदनाएं जुड़ जाएं, तो नामुमकिन भी मुमकिन हो जाता है। ऐसा ही कुछ कर दिखाया है मंडला के लोक सेवा केंद्र, बाल गृह और जिला ई-गवर्नेंस की टीम ने। बोल और सुन पाने में असमर्थ एक दिव्यांग बालक 'साहिल', जो अपनों से बिछड़ गया था, आज सुरक्षित अपने परिवार के पास पहुँच गया है।**



साहिल न तो बोल सकता था और न ही ठीक से सुन पाता था। उसे हिंदी का भी ज्ञान नहीं था, जिस कारण वह अपनी पहचान बताने में पूरी तरह असमर्थ था। उसे सुरक्षा की दृष्टि से मंडला बाल गृह में रखा गया था। पहचान का एकमात्र सिरा बालक द्वारा गुजराती भाषा में लिखे गए कुछ धुंधले संकेत थे।

इन संकेतों के आधार पर लोक सेवा केंद्र और जिला ई-गवर्नेंस टीम ने तकनीकी जांच शुरू की। आधार डेटाबेस की मदद से बालक की पहचान गुजरात के वलसाड क्षेत्र के रूप में स्थापित हुई। परिजनों से संपर्क होने पर बालक की माँ और बहन मंडला पहुँचीं। बाल कल्याण समिति और जिला बाल संरक्षण अधिकारी के मार्गदर्शन में सभी कानूनी औपचारिकताएं पूर्ण कर साहिल को उसके परिवार को सौंप दिया गया।

# मंडला में खेलों को नई उड़ानः स्विमिंग पूल का लोकार्पण, एक्वा एरोबिक्स की शुरुआत

**मण्डला।** मंडला जिले में खेल सुविधाओं के विस्तार की दिशा में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि दर्ज करते हुए पुलिस लाइन स्थित राजा रघुनाथ शाह, कुवर शंकर शाह स्मृति स्विमिंग पूल का नवीनीकरण उपरांत भव्य लोकार्पण किया गया। कार्यक्रम में प्रदेश की कैबिनेट मंत्री लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग श्रीमती संपतिया उइके एवं सांसद श्री फग्गन सिंह कुलस्ते मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। इस अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष श्री विनोद कछवाहा, श्री जयदत्त झा, कलेक्टर श्री सोमेश मिश्रा, पुलिस अधीक्षक श्री रजत सकलेचा, जिला पंचायत सीईओ श्री शाश्वत सिंह मीना, जिला खेल अधिकारी श्री विकास खराड़कर सहित अन्य अधिकारी, जनप्रतिनिधि, खिलाड़ी, कोच एवं गणमान्य नागरिक मौजूद रहे।

कैबिनेट मंत्री श्रीमती उइके ने कहा कि यह स्विमिंग पूल न केवल उभरती खेल प्रतिभाओं को मंच प्रदान करेगा, बल्कि आम नागरिकों के स्वास्थ्य और फिटनेस को भी नई दिशा देगा। एक्वा एरोबिक्स जैसी आधुनिक गतिविधियों की शुरुआत से मंडला खेल एवं स्वास्थ्य के क्षेत्र में नई पहचान बनाने की ओर अग्रसर है। उन्होंने मंडला में खेलों को बढ़ावा देने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम बताते हुए स्विमिंग पूल के सुचारु संचालन के लिए 7 लाख रुपये के अनुदान की घोषणा की। प्रतिभाशाली खिलाड़ियों को निःशुल्क प्रशिक्षण देने के लिए विशेष चयन कार्यक्रम आयोजित करने की बात कही। उन्होंने खिलाड़ियों को बधाई देते हुए कहा कि खेलों में आगे बढ़ने के लिए जो सुविधाएं आप चाहते हैं वो सारी प्रदान करने का प्रयास किया जाएगा। आप अपने सर्वश्रेष्ठ खेलों का प्रदर्शन कर जिले का नाम रोशन करें।

सांसद श्री कुलस्ते ने भी मंडला में महानगरों जैसी खेल सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए अपने प्रयासों को जारी रखने की बात कही। उन्होंने कहा कि इस सौगात से खिलाड़ियों को तैराकी में अच्छा अवसर मिलेगा और अब वे भी अन्य बड़े शहरों के खिलाड़ी की तरह इसका लाभ उठा सकेंगे। कार्यक्रम में नन्हें खिलाड़ी अभिनव ने अतिथियों का स्वागत किया, जबकि मंच संचालन जिला खेल अधिकारी द्वारा किया गया। विदित है कि स्विमिंग पूल के नवीनीकरण और पुनः संचालन में जिला प्रशासन की महत्वपूर्ण भूमिका रही, विशेषकर कलेक्टर एवं पुलिस अधीक्षक के सतत प्रयासों से यह परियोजना साकार हो सकी।

## खबर संक्षेप

### शराब पीने पैसा नही देने से पर महिला से की मारपीट

**गाडरवारा।** नगर के पुलिस थाने से मिली जानकारी के अनुसार बीते हुये दिवस समीपस्थ ग्राम बोदरी निवासी एक महिला द्वारा पुलिस थाने में अपनी शिकायत दर्ज कराते हुये बताया है कि जब वह अपने किसी काम से लड़की भारती कहार, नंदनी कहार, जेठानी रश्मि कहार तथा शीतल कहार के साथ जा रही थी। वही जब गांव के मंदा कहार के घर के सामने पहुंची तो मोहल्ले का योगेश उर्फ इक्की कहार मिला और प्रार्थिया से शराब पीने के लिये एक हजार रूपया मांग प्रार्थिरूा द्वारा पैसा देने से मना किये जाने की बात पर आरोपी द्वारा गंदी गंदी गालिया देते हुये मारपीट कर चोटे पहुंचाई। जब बीच बचाव करने के लिये प्रार्थिया की बेटी गई तो उसके साथ भी मारपीट करते हुये जान से मारने की धमकी दी गई। घटना को लेकर पुलिस ने पीड़िता की शिकायत पर आरोपी के खिलाफ मामला कायम करते हुये जांच में लिया गया है।

### बुलेरो की टक्कर से स्कूटी चालक घायल

**गाडरवारा।** पुलिलस थाने से मिली जानकारी के अनुसार बीते हुये दिवस समीपस्थ ग्राम तूमडा निवासी एक व्यक्ति द्वारा पुलिस थाने में अपनी शिकायत दर्ज कराते हुये बताया है कि उसका कौडिया निवासी रिस्तेदार मौसिया भोजराज अपनी स्कूटी से क्रमांक MP49-S-8797 से गैस सेलेण्डर लेने के लिये भारत गैस एजेन्सी बोहानी जा रहा था उसी दौरान एक बुलेरो गाडी क्रमांक MP04-CM-8768 के चालक द्वारा तेज गति व लापरवाही पूर्वक चलाते हुये स्कूटी में टक्कर मार दी गई जिसके चलते भोजराज को चोटे अपने पर पुलिस द्वारा आरोपी बुलेरों चालक के खिलाफ मामला काम करते हुये जांच में लिया गया है।

### ईट पत्थर मारकर चोट पहुंचाई

**गाडरवारा।** पुलिस थाने से मिली जानकारी के अनुसार बीते हुये दिवस समीपस्थ ग्राम गरधा निवासी एक व्यक्ति द्वारा पुलिस थाने में अपनी शिकायत दर्ज कराते हुये बताया है कि मै गांव के दीवान पटैल के खेत पर बने हुये मकान में परिवार सहित रहता हूं। बीते हुये दिवस की बात है जब रात के लगभग 9 से 10 बजे के बीच वीरेन्द्र धानक मेरे घर के सामने आकर गाली गुफ्तार कर रहा था। तो मैने बाहर निकल कर गाली देने से मना किया। इसी बात को लेकर वीरेन्द्र धानक द्वारा प्रार्थी को भी गंदी गंदी गालिया देते हुये ईट पत्थर मारकर चोट पहुंचाई व जान से मारने की धमकी दी गई। जब बीच बचाव करने के लिये प्रार्थी की बहिन व अन्य व्यक्ति आया तो उनके साथ भी झूमाझटकी करते हुये जान से मारने की धमकी दी गई। घटना को लेकर पुलिस ने प्रार्थी की शिकायत पर आरोपियों के खिलाफ मामला कायम करते हुये जांच में लिया गया है।

### डंडा मारकर सिर फोड़ा

**गाडरवारा।** समीपस्थ सिहोरा पुलिस चौकी से मिली जानकारी के अनुसार बीते हुये दिवस सिहोरा ही निवासी एक ढोल बजाने वाले युवक द्वारा पुलिस थाने में अपनी शिकायत दर्ज कराते हुये बताया है कि जब वह बाजार से अपनी स्कूटी लेकर कही जा रहा था उसी दौरान पडौस में रहने वाला दिनेश बंशकार नामक युवक मिला और बोला की तुम मेरी दादी को खाना क्यों खिलाते हो इसी बात को लेकर प्रार्थी को गंदी गंदी गालिया देते हुये डंडे से मारपीट कर चोटे पहुंचाई तथा जान से मारने की धमकी दी गई। घटना को लेकर पुलिस ने प्रार्थी की शिकायत पर आरोपी के खिलाफ मामला कायम करते हुये जांच में लिया गया है।

### घर के बटवारे को लेकर पुत्र ने माँ से की मारपीट

**गाडरवारा।** हर माँ बाप की उम्मीद रहती है कि उसकी संतान वृद्ध होने पर सहारा बनेगी। मगर इस कलयुग में पुत्र इस तरह से देखने मिल रहे है कि वह छोटी छोटी बातों को लेकर जन्म देने वाले माता पिता के साथ मारपीट करने से नही चूकते है। कुछ इसी प्रकार की सच्चाई बीते हुये दिवस समीपस्थ ग्राम कौडिया के झिरना मुहल्ला में उस समय देखने मिली जब घर के बटवारे को लेकर पुत्र ने अपनी माँ के साथ मारपीट करते हुये चोटे पहुंचाई। घटना के संबंध में परेशान माँ द्वारा अपने पुत्र के खिलाफ पुलिस थाने में शिकायत दर्ज कराते हुये बताया है कि मेरा पुत्र कंचन खंगार द्वारा बीते हुये दिवस अपनी माँ से बोला की मै अलग कमरे में रहूगा मुझे अलग कमरा दिलवायो तो माँ ने कहा बेटा पिताजी को आ जाने दे उनसे चर्चा कर लेगे। इसी बात को लेकर आरोपी पुत्र द्वारा अपनी माँ को गंदी गंदी गालिया देते हुये मारपीट कर चोटे पहुंचाई तथा जान से मारने की धमकी दी गई।

## टूट फूट होने के साथ ऊंग रही झाडियां, विभाग की उदासीनता को कर रही उजागर..?

# करोड़ों की लागत से निर्मित हुई क्षेत्र की नहरें साबित हो रही औचित्यविहीन







**हरिभूमि न्यूज/खुलरी। शासन द्वारा चलाई जाने वाली किसी योजना का यदि समय पर किसानों को लाभ मिले तभी उस योजना का महत्व बढ़ जाता है और जन हितैषी कही जाती है। यदि उस योजना का किसानों को लाभ मिलने की जगह मात्र दिखाबा साबित हो तो निश्चित ही उस योजना का औचित्य ही समाप्त होने से नही चूकता है.. ? कुछ इसी प्रकार की सच्चाई इस समय क्षेत्र में बनी हुई नहरों को देखते हुये जान पड़ रहा है। बताया जाता है कि शासन द्वारा क्षेत्र में किसानों की भूमि का अधिग्रहण करने के साथ साथ करोड़ो की राशि खर्च करते हुये नहरों का निर्माण कराया गया था तो क्षेत्र के किसानों में इस बात की खुशी देखने मिल रही थी कि अब उन्हें अपने खेतों में सिंचाई करने के लिये पानी की समस्या से नही जूझना पड़ेगा।**
मगर क्षेत्र के किसानों की यह सोच मात्र एक सपना साबित होने से इसलिये नही चूक पा रही है । क्योंकि जब किसानों को अपनी फसलों की सिंचाई करने का समय आता है तो बरगी नहर प्रबंधन द्वारा नहरों में पानी ही नही छोड़ा जाता है, जिसके चलते करोड़ो की राशि से बनी हुई क्षेत्र की यह नहरे जहां अनुपयोगी साबित होने से नही चूक पा रही है..? वही दूसरी ओर यदि सच्चाई पर गौर किया जावे तो इन नहरों के संचालन को लेकर शासन द्वारा समितियों का गठन निर्वाचन प्रकिया के तहत पूर्ण किया जाता है, जिसके चलते पूर्व में गठित समितियों का कार्यकाल पूर्ण हो जाने के कारण इस समय क्षेत्र की नहर व्यवस्था अधिकारियों के भरोसे चलने के कारण मनमानी का शिकार होते हुये देखी जा रही है। इसी का परिणाम है कि किसानों को क्षेत्र में बनी इन नहरों का किसी भी प्रकार का कोई लाभ मिलते हुये दिखाई नही पड़ रहा है। इस समय किसानों द्वारा अपने खेतों में चना, गेहू सहित अन्य फसलों की बुआई करने के साथ साथ जिन किसानों द्वारा नया गन्ना रोपित किया गया है। वही दूसरी ओर किसानों द्वारा अब अपनी गर्मी मूंग की बुआई की तैयारियाँ की जा रही है। उन्हें सिंचाई के लिये पानी की जरूरत है। मगर इन नेहरों में किसी तरह से पानी नही छोड़े जाने के चलते जहां शोभा की सुपारी बन कर रह गई है..? वही दूसरी ओर करोड़ो की लागत से बनाई गई इन नहरों में जहां तहां टूट फूट होने के साथ साथ झाडिया ऊगते हुये दिखाई दे रही है वह निश्चित तौर से विभाग की उदासीनता पूर्ण कार्य प्रणाली की पोल खोलने में कोई कसर नही छोड़ रही है। इस स्थिति में इन नहरों का निर्माण औचित्य विहीन बन चुका है। अब सबाल यह पैदा हो रहा है कि जब नहरों का उपयोग ही नही होना था तो फिर सरकारी धन की होली खेलने का क्या मतलब रहा होगा..? इतना नही नही यदि नहरों के निर्माण की गुणवत्ता पर नजर डाली जावे तो यह हाल देखने मिल रहा है कि बगैर उपयोग किये ही नहरे टूटते हुये अपनी गुणवत्ता को खुद ही उाजगर करने में पीछे नही है...? सही मायने में देखा जावे तो करोड़ो की लागत से बनी हुई यह नहरे क्षेत्र के किसानों के लिये औचित्य विहिन होते हुये दिखाई देने से नही चूक रही है। हैरत की बात तो यह है कि अपने निर्माण के बाद बगैर उपयोग हुये ही टूटती हुई इन नहरों की ओर न तो नहर विभाग द्वारा किसी भी तरह से ध्यान दिया जा रहा है और न ही क्षेत्र के जिम्मेदार नेताओं से लेकर अधिकारियों द्वारा जिसके चलते जहां करोड़ो की लागत से बनी हुई नहर मात्र शोभा की सुपरी बनकर रहने से नही चूक पा रही है। वही दूसरी ओर क्षेत्र में बनाई गई नहरों के निर्माण में अपनाई गई गुणवत्ता की सच्चाई पर गौर किया जावे तो निश्चित ही विभाग की उदासीनता के चलते जिस प्रकार से निर्माण कार्य करने वाली कंपनी द्वारा इन नहरों का निर्माण कार्य किया गया है उसके चलते लगातार टूटते हुये दिखाई दे रही है। जिससे क्षेत्र की नहरे अपने निर्माण में अपनाई गई गुणवत्ता की कहानी उजागर करने के साथ साथ उन अधिकारियों की कार्य प्रणाली को भी उजागर करने से नही चूक रही है जिनकी देख रेख में इन नहरों का निर्माण कार्य पूर्ण कराया गया था..? जिस सोच के चलते शासन द्वारा नहरों के निर्माण के लिये क्षेत्र के सैकड़ो किसानों की भूमि अतिग्रहण करते हुये करोड़ो की राशि खर्च कर क्षेत्र में नहरों का निर्माण कराया गया है। मगर इस समय क्षेत्र के किसानों को जरूर पड़ने पर पानी नही छोड़े जाने के कारण क्षेत्र के किसानों के लिये यह नहरे अनुपयोगी साबित होते हुये दिखाई देने लगी है। क्योंकि जरूरत के समय यदि किसानों को इन नेहरों का लाभ नही मिल पा रहा है तो फिर क्षेत्र में इन नेहरों के बनाये जाने का महत्व अपने आप ही समाप्त हो जाता है। इस सच्चाई को ध्यान में रखते हुये क्षेत्र के किसानों द्वारा जिला कलेक्टर से मांग की गई है कि शीघ्रता से ही गाडरवारा तहसील क्षेत्र की नहरों की सफाई कराते हुये उनमें पानी छोड़ने के लिये संबंधित विभाग के अधिकारियों को निर्देशित करते हुये किसानों को इस परेशानी की घटी में सहायता प्रदान कराई जावे जिससे किसान अपनी फसलों को बचाने में सफल हो सके।

## आस्था के दीपों से जगमगा रहे नगर के देवी मंदिर, सुबह से उमड़ रही महिलाओं की भीड़





**हरिभूमि न्यूज/ गाडरवारा।** इन दिनौं चैत्र नवरात्र के चलते जहां नगर में चारों ओर धर्म का वातावरण दिखाई पड़ रहा है। वही शहरवासी अपनी सुध बुध खोकर अपने घरों से लेकर मंदिरों में माँ दुर्गा की पूजा, आराधना करते हुए देखे जा रहे है। वही सुबह की बेला में नगर के देवी मंदिरों में जल ढारने के लिए महिलाओं की लगातार भीड़ देखी जा रही है। इसी प्रकार से शाम के वक्त प्रतिदिन मातारानी की महाआरती में शामिल होकर लोग पुण्यलाभ प्राप्त कर रहे है। इस प्रकार से मातारानी के दर्शन व पूजन के लिए भक्तगणों की सर्वाधिक भीड़ शहर के प्राचीन माँ खेरापति के उस मंदिर में उमड़ रही है जिसमें आस्था के दीप जगमगा रहे है तथा मातारानी के चरणों में नतमस्तक होने वाले भक्तों की मनोकामनाएं पूरी कर रही है। गौरतलब है कि गौड़ साम्राज्य के दौर में निर्मित गढ़ी के पास स्थित इस माँ खेरापति मंदिर में सामप्रदायिक सद्भाव की अलख जगाने वाला है और इसमें बिराजी माँ दुर्गा की पूजन करने वर्ष भर श्रद्वालुओं का तांता लगा रहता है। वही नगर की रक्षा करने वाले माँ खेरापति के मंदिर में सभी लोग अपने घरों में होने वाली शादी विवाह के आयोजनों के उपरांत माता पूजन करने के लिए भी पहुंचते है। वही दूसरी ओर जिस तरह से चैत्र माह के दौरान मौसम का खेल चल रहा है उसके चलते चैत्र नवरात्र जहां क्वार माह की नवरात्र की अहसास कराने से नही चूक रही है। क्योंकि इस समय आसमान पर छाये हुये बादल और बन बिगड रहे मौसम ने नवरात्र के दौरान लोगों को चिंता में डाल दिया गया है। क्योंकि किसानों के खेतों में तैयार हो चुकी फसलो को लेकर जहां अन्नदाता देवी आराधना के बीच चिंता में दिखाई देने से नही चूक रहे है।

## भगवान झूलेलाल जयंती के मौके पर सिंधी समाज द्वारा नगर में वाहन रैली सहित भव्यता के साथ निकाली गई शोभायात्रा



**हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा।** हमारे नगर की जो परम्परा रही है कि सभी धर्म के त्यौहारों को जिस तरह मिल जुलकर धूमधाम के साथ मनाया जाता है। वह परम्परा आज भी युवा वर्ग में देखने मिल रही है। क्योंकि इस समय चल रहे नवरात्र के साथ ही मुस्लिम भाईयों का रमजान त्यौहार तथा सिंधी समाज के झूलेलाल जयंती के मौके पर जिस प्रकार से नगर में त्रिवेणी का संगम देखने मिला और सभी वर्ग के लोग इन त्योहरों में शामिल होकर इस तरह प्रतीत होते हुये देखे जा रहे थें कि मानों वह कुंभ में शामिल हो चुके है। इस प्रकार से बीते हुये शुक्रवार को भगवान श्री झूलेलाल जयंती के मौके पर नगर के सिंधी समाज द्वारा बडे ही धूमधाम के साथ मनाया गया। इस संबंध में भारतीय सिंधु सभा के मुख्य पदाधिकारी शंकर हेमावनी द्वारा जानकारी देते हुये बताया कि सुबह 8:00 बजे नगर के हृदय स्थल झंडाचौक से दीप प्रज्ज्वलित व आरती के बाद प्रसाद बांटा गय। वही इसके उपरांत नगर के मुख्य मार्गो से स्कूटर रैली निकाली गई। जो प्रमुख मार्गो से होते हुए झूलेलाल मंदिर में पहुंचाने के बाद समाप्त हुई । वही दोपहर 11:00 से भोग साहब की समाप्ति कर भगवान श्री झूलेलाल जी के भजन कीर्तन मंदिर के भाई साहब राजेश भाई उदासी वा राजकुमार उदासी द्वारा भगवान श्री झूलेलाल जी



के भजन कीर्तन पर सभी बुजुर्गों व युवा साथियों एवं महिलाओं ने जमकर डांडिया व डांस किया करते हुये आयोजन में अन्य लोगों को भी झूलेलाल जी की भक्ति में लीन होने के लिये मजबूर कर दिया था। वही इस आयोजन के बाद भगवान श्री झूलेलाल जी आरती के बाद छप्पन भोग का प्रसाद चढ़ाया गया । वही दोपहर 2:00 बजे भोजन प्रसादी हुआ आम भंडारा आयोजन में सैकड़ो लोगों ने शामिल होकर प्रसादी ग्रहण की गई। तो शाम 5:00 बजे मंदिर से भगवान श्री झूलेलाल जी जुलूस निकल गया जो मन्नत कंपलेक्स से होते हुये झंडा चौक, सराफा बाजार से होते हुये पुराना गल्ला मंडी पहुंचा जहां पर सभी सामाजिक बंधुओं सहित समाजसेवी संस्थाओं द्वारा फूल बरसाने के साथ स्वागत किया गया। निकाले गये इस जुलूस में आकर्षण का केंद्र भगवान श्री झूलेलाल की का स्वरूप वा माता दुर्गा जी का बाल स्वरूप की झांकी बनी रही।

## महाकौशल क्षेत्रीय गहोई सभा का शपथ ग्रहण समारोह हुआ संपन्न

### पदाधिकारियों ने समाज हित के लिये किया निष्ठा का वादा



**हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा।** किसी भी समाज के लिये जागरूक व संगठन बनाने के साथ बढ़ रही कुरूतियों से दूर ले जाने के लिये समाज के संगठन की अहिम भूमिका देखी जाती है। इसी के चलते समाज द्वारा संगठन बनाते हुये समाज के कुशल लोगों को दायित्व सौपे जाते है। इसी प्रकार से महा कौशल क्षेत्रीय गहोई सभा के पदाधिकारियों के मनोनयन उपरांत शपथ ग्रहण समारोह का भव्य आयोजन करते हुये उन्हें समाज के वरिष्ठजनों द्वारा समाज के हितों को लेकर निष्ठा की शपथ दिलाई गई। बताया जाता है कि बीते हुये दिवस स्थानीय गहोई समाज द्वारा आयोजित किये गये इस कार्यक्रम में संपूर्ण महाकौशल प्रांत के पदाधिकारीगण मौजूद हुये। उक्त कार्यक्रम की अध्यक्षता गहोई समाज के अध्यक्ष सुनील सोनी द्वारा की गई। वही कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में अखिल भारतीय गहोई वैश्य महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष राम गोपाल छिरोल्या ( डल्लू भैया) तथा विशिष्ठ अतिथि के रूप में महासभा के राष्ट्रीय महामंत्री दीपक सांवला, गहोई महासभा के वरिष्ठ संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष राजेन्द्र सेठ, महासभा के मंत्री अमरचंद कठल, नवयुवक मंडल के राष्ट्रीय अध्यक्ष लकी नोगरैया, महाकौशल क्षेत्रीय सभा के अध्यक्ष शिवकुमार नीखरा, मध्य मालवा क्षेत्रीय सभा के अध्यक्ष वीरेन्द्र सोनी, चंवल क्षेत्रीय सभा के अध्यक्ष राजीव सेठ, महासभा के विकास मंत्री रामगोपाल ददरया, संयुक्त मंत्री सौरभ नीखरा, चित्रकूट भवन के प्रबंधक प्रेम नारायण लहरिया व परिवार समन्वय प्रकल्प के अध्यक्ष राधेलाल गेड़ा सहित गहोई वैश्य समाज के नवयुवक मंडल के अध्यक्ष दीपक सेठ व अन्य लोगों उपस्थिति में किया गया। इस मौके पर महासभा के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष बी पी गुप्ता , वरिष्ठ संघ के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष शरद कठल, नवयुवक मंडल के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष बसंत तपा, देव राधाबल्लभ मंदिर ट्रस्ट के अध्यक्ष घनश्याम सराबगी, रमन सेठ एवं महिला मंडल महासभा की पूर्व अध्यक्ष श्रीमति पुष्पा ददरया, महाकौशल की पूर्व महिला अध्यक्ष श्रीमति सीता सरावगी व श्रीमति कृष्णा सरावगी उपस्थिति में कार्यक्रम संपन्न हुआ । कार्यक्रम का संचालन महाकौशल के पूर्व वरिष्ठ संघ के मंत्री जगदीश बरसैया एवं सतीश सेठ जबलपुर, अवधेश रुसिया द्वारा किया गया । कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्जवलन, माँ सरस्वती पूजन एवं सूर्य आराधना के उपरांत किया गया । तत्पश्चात सभी मंचासीन पदाधिकरियों एवं समस्त गहोई समाज की उपस्थिति में राष्ट्रीय अध्यक्ष द्वारा ध्वजारोहण कर ध्वजगीत का गायन हुआ। सरस्वती वंदना एवं स्वागत गीत की शानदार प्रस्तुति गाडरवारा महिला मंडल द्वारा की गई । मंचासीन अतिथियों का स्वागत तिलक, माला, शाल-श्रीफल से स्थानीय गहोई समाज वरिष्ठ एवं स्थानीय गहोई समाज पंचायत व देव राधाबल्लभ मंदिर ट्रस्ट, महिला मंडल, नवयुवक मण्डलन के पदाधिकारी द्वारा किया गया। इसके उपरांत शपथ ग्रहण का कार्यक्रम महाकौशल क्षेत्रीय सभा के मनोनीत पदाधिकारियों को राष्ट्रीय अध्यक्ष राम गोपाल छिरोलया, राष्ट्रीय महामंत्री दीपक सावला, वरिष्ठ संघ महासभा के अध्यक्ष राजेंद्र सेठ ,महाकौशल के अध्यक्ष शिवकुमार नीखरा द्वारा शपथ दिलाई गई। महाकौशल के मनोनीत पदाधिकारी व वरिष्ठ संघ के अध्यक्ष उत्तम चंद्र बिलैया जबलपुर एवं उनकी कार्यकारिणी तथा महाकौशल महिला मंडल की अध्यक्ष श्रीमती सुनीता नोगरैया गाडरवारा, मंत्री श्रीमती मनोरमा पिपरसानिया जबलपुर एवं उनकी कार्यकारिणी, महाकौशल नवयुवक मंडल अध्यक्ष अनुराग सोनी कटनी मंत्री श्रेयांश कठल गाडरवारा उनकी कार्यकारिणी को शपथ दिलाई गई । बताया जाता है कि इस मौके पर महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष रामगोपाल छिरोलिया (डब्लू भैया) ने अपने संबोधन में कहा कि संगठन की शक्ति महासभा एवं क्षेत्रीय सभा की एकजुटता में फलस्वरूप संगठन अजेय हो जाता है। समाज में सेवाऔर समर्पण का संकल्प हो तथा निष्पक्ष एवं ईमानदारी से अपने कर्तव्य का पालन प्रत्येक व्यक्ति करेगा तो समाज उन्नति के पथ पर अग्रसर होगा। इस अवसर पर राष्ट्रीय महामंत्री दीपक सावला ने संबोधित करते हुए कहा कि महाकौशल कौशल बहुत भाग्यशाली है जो नर्मदा क्षेत्र में स्थित है, देश में,महाकौशल गहोई समाज की एक अलग पहचान है दोनों वरिष्ठ पदाधिकारियो ने महाकौशल अध्यक्ष शिवकुमार नीखरा को समन्वय के साथ सफल आयोजन पर स्मृति चिन्ह भेंट किया । गाडरवारा गहोई समाज अध्यक्ष सुनील सोनी ने कार्यक्रम में बाहर पधारे वरिष्ठजनों पदाधिकारी एवं क्षेत्रीय जनों का कार्यक्रम को सफल बनाने व सहयोग करने पर आभार व्यक्त किया गया।

## ईदगाह में होगी ईद उल फितर की सामूहिक नमाज, आज मनाई जावेगी ईद उल फितर



**हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा।** रमजान में मुस्लिम समुदाय ने रोजा रखकर नमाज पढ़कर तिलावत कर रब को याद कर दुआएं मांगी । रमजान में काफी खुशनुमा माहौल रहा सभी लोग नमाज रोजा इबादत में मशगूल रहे और नेक काम कर नेकिया कमाते रहे रमजान के आखरी अलविदा जुमा पर मस्जिदों में नमाजियों का जन सैलाब नजर आया । हजारों लोगों में जुमा की नमाज अदा कर अल्लाह का शुक्र अदा किया गया। वही नगर की जामा मस्जिद में भारी संख्या में मुस्लिम भाईयो ने नमाज अदा की गई। नमाज के पहले हाफिज व कारी जुबेर आलम साहब ने तकरीर करते हुए सरकार मोहम्मद मुस्तफा की सुन्नतों पर अमल करते हुए नेक काम करने की हिदायत दी। दुआ के दौरान अहले वतन की खुशहाली तरक्की अमन शांति की दुआ की गई । जुमा की नमाज में फैजाने मदीना मस्जिद, छोटी मस्जिद में नमाज अदा की गई , जामा मस्जिद कमेटी अध्यक्ष अबरार खान ने बताया कि आज 21 मार्च को ईद उल फितर मीठीईद की नमाज राजीव वार्ड स्थित ईदगाह सुबह 8.30 बजे, जामा मस्जिद शुक्रवारा बाजार में तथा सुबह बजे, छोटी मस्जिद पानी की टंकी पर सुबह 9 बजे, फैजान ए मदीना मस्जिद बड़ेवली सुबह 9.30 बजे नमाज होगी । ईदगाह में सामूहिक रूप से ईद की नमाज हाफिज व कारी जुबेर आलम द्वारा पढ़ाई जाएगी । मस्जिद के आसपास व शुक्रवारा बाजार में ईद की सेवइयां एवं भगवान की दुकानें जमकर खरीददारी हुई कपड़ो की दुकानों पर भी भारी भीड़ देखने को मिली । ईद का चांद नजर आने के बाद मस्जिदों में यहतकाफ पर बैठे हुए लोगों को फूल माला पहनाकर उन्हें जुलूस की शक्ल में उनके घर तक रुखसत किया गया। आज ईद के चलते प्रशासन द्वारा नगर में शांति व्यवस्था बनाने के लिये विशेष व्यवस्थाये बनाई गई है। बताया जाता है कि चल रहे नवरात्र व आज ईद को ध्यान में रखते हुये शुक्रवार को पुलिस द्वारा नगर में पैदल प्लेग मार्च का आयोजन भी किया गया। इस दौरान अतिरिक्त जिला पुलिस अधीक्षक संदीप भूरिया के आलवा उप पुलिस अधीक्षक दिलीप सिंह डागूर, नगर निरीक्षक अशोक सिंह चौहान के आलवा नगर के पुलिस थाना सहित बाहर से आया हुआ भारी पुलिस बल मौजूद रहा।

दिल्ली पब्लिक
इंटरनेशनल स्कूल गाडरवारा
CBSE बोर्ड आधारित, DPIS Org. नई दिल्ली द्वारा मान्यता प्राप्त
कक्षा नर्सरी से कक्षा आठवीं तक
DPIS
प्रवेश प्रारंभ
विवेकानंद वार्ड, शनि मंदिर के पास, सांईधाम कॉलोनी, गाडरवारा, जिला नरसिंहपुर
Mob. : 903 9230 199, 722 4021 199 Email- dpsgadarwara@gmail.com

## खबर संक्षेप

### कांग्रेस नेत्री श्याम कुमारी धुर्वे बसपा में शामिल



डिंडोरी । अमरपुर क्षेत्र की सक्रिय नेत्री श्याम कुमारी धुर्वे ने कांग्रेस छोड़कर भोपाल में बहुजन समाज पार्टी की सदस्यता ले ली है। उनकी क्षेत्रीय पकड़ को देखते हुए पार्टी उन्हें जल्द ही महत्वपूर्ण जिम्मेदारी दे सकती है।

### कोतमा नगर में संचालित किया जा रहा टीकाकरण अभियान

**कोतमा**। स्वास्थ्य विभाग के खंड चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर केएल दीवान ने बताया कि कैंसर महिलाओं में होने वाला एक गंभीर एवं जानलेवा रोग है, जिसका प्रमुख कारण यच पी व्ही संक्रमण है। यह रोग प्रारंभिक अवस्था में बिना लक्षण के बढ़ता है, जिससे समय पर पहचान कठिन हो जाती है। इसी को ध्यान में रखते हुए स्वास्थ्य विभाग द्वारा बालिकाओं को इस गंभीर बीमारी से सुरक्षित रखने हेतु टीकाकरण अभियान संचालित किया जा रहा है। उन्होंने सभी अभिभावकों से अनुरोध है कि वे अपनी 14 से 15 वर्ष 3 माह आयु वर्ग की बालिकाओं को अनिवार्य रूप से यच पी व्ही का टीका लगवाएं। यह टीका भविष्य में होने वाले सर्वाइकल कैंसर से प्रभावी सुरक्षा प्रदान करता है। डॉक्टर केएल दीवान ने बताया कि यह टीका सुरक्षित एवं प्रभावी है डब्ल्यूएचओ द्वारा अनुमोदित निर्धारित आयु वर्ग में 1 डोज पर्याप्त भ्रम से बचें उन्होंने कहा कि कुछ भ्रामक जानकारी के कारण लोग टीकाकरण से हिचकते हैं, जबकि यह पूर्णतः वैज्ञानिक रूप से प्रमाणित एवं सुरक्षित है। इसका प्रजनन क्षमता पर कोई नकारात्मक प्रभाव नहीं पड़ता है। स्वास्थ्य विभाग ने अपील करते हुए कहा है कि अपनी बेटियों को समय पर टीकाकरण कराएं। अपने आसपास के लोगों को भी इसके लिए प्रेरित करें।

### अवैध प्लाटिंग पर प्रशासन सख्तः 15 दिन में जवाब नहीं तो जमीन होगी शासन के अधीन

**उमरिया**। जिले में अवैध प्लाटिंग के खिलाफ प्रशासन ने सख्त रुख अपनाते हुए कार्रवाई तेज कर दी है। प्रभारी मंत्री नागर सिंह चौहान के निर्देश और कलेक्टर धरणेंद्र जैन के मार्गदर्शन में एसडीएम बांधवगढ़ अंबिकेश प्रताप सिंह ने अवैध कॉलोनाइजरों के विरुद्ध अभियान शुरू कर दिया है। अनुविभागीय अधिकारी बांधवगढ़ द्वारा जारी सार्वजनिक सूचना में बताया गया है कि ग्राम डबरौहा, तहसील बांधवगढ़ स्थित खसरा नंबर 306/1 को बिना किसी वैध अनुमति के 14 भूखंडों में विभाजित कर बेचा गया है। यह पूरी तरह नियमों के विपरीत है और संबंधित व्यक्तियों द्वारा कॉलोनाइजर के रूप में आवश्यक पंजीयन भी नहीं कराया गया है। प्रशासन के अनुसार, यह कृत्य ग्राम पंचायत (कॉलोनाइजर का रजिस्ट्रेशन) नियम 2014 तथा मध्यप्रदेश पंचायत एवं ग्राम स्वराज अधिनियम 1993 की धारा 61(ड) एवं 61(ड-1) का स्पष्ट उल्लंघन है। बिना अनुमति की जा रही प्लाटिंग न केवल गैरकानूनी है, बल्कि आम नागरिकों को भ्रमित कर आर्थिक नुकसान पहुंचाने की भी आशंका पैदा करती है। एसडीएम अंबिकेश प्रताप सिंह ने स्पष्ट चेतावनी देते हुए कहा है कि संबंधित 14 व्यक्तियों को 15 दिवस के भीतर अपना पक्ष प्रस्तुत करना होगा। यदि निर्धारित समयावधि में जवाब प्रस्तुत नहीं किया जाता है, तो नियमानुसार कार्रवाई करते हुए संबंधित भूमि को शासन के अधीन करने की प्रक्रिया शुरू कर दी जाएगी। प्रशासन की इस कार्रवाई से जिले में अवैध कॉलोनाइजरों के बीच हड़कंप की स्थिति बन गई है। अधिकारियों का कहना है कि इस तरह की अनियमितताओं पर लगातार निगरानी रखी जाएगी और भविष्य में भी अवैध प्लाटिंग करने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई जारी रहेगी।

## बिना स्वीकृति नाला क्लोजर से घिरा जल संसाधन विभाग

# डूब क्षेत्र में निर्माण पर उठे गंभीर सवाल

**हरिभूमि न्यूज डिंडौरी**।जिले में जल संसाधन विभाग की निर्माणाधीन परियोजनाएं अब गंभीर सवालों के घेरे में हैं। नियमों की अनदेखी और प्रशासनिक प्रक्रिया को दरकिनार करने के आरोपों ने पूरे मामले को संदिग्ध बना दिया है।जानकारी के अनुसार छिदगांव डेम परियोजना, जिसकी कुल लागत लगभग 10 करोड़ रुपये बताई जा रही है, में अब तक करीब 6.89 करोड़ रुपये खर्च किए जा चुके हैं। इस परियोजना में नाला क्लोजर का कार्य बिना चीफ इंजीनियर की स्वीकृति के ही कराए जाने का मामला सामने आया है। विभागीय नियमों के तहत यह स्पष्ट रूप से आपत्तिजनक माना जाता है। सूत्रों का कहना है कि यदि इस कार्य के लिए विधिवत अनुमति ली जाती तो परियोजना की विस्तृत तकनीकी जांच अनिवार्य हो जाती।



मामला और भी गंभीर इसलिए हो जाता है क्योंकि एनवीडीए (NVDA) द्वारा स्वीकृत राघोपुर बहुउद्देशीय परियोजना के डूब क्षेत्र के अंतर्गत ही जल संसाधन विभाग का छिदगांव डेम निर्माणाधीन बताया जा रहा है। ऐसे में यह सवाल उठ रहा है कि जब क्षेत्र पहले से ही डूब प्रभावित घोषित है, तो वहां बिना समुचित अनुमति निर्माण कार्य कैसे कराया जा रहा है। विशेषज्ञों के अनुसार, इस स्थिति में प्रस्ताव स्वीकृति के लिए भेजे जाने पर परियोजना के निरस्त होने की आशंका भी बनी रहती है। इसी वजह से बिना अनुमति नाला क्लोजर कराए जाने की चर्चा तेज है।सूत्रों के मुताबिक परियोजना के लिए एनवीडीए से आवश्यक एनओसी भी प्राप्त नहीं की गई। नियमों के अनुसार डूब क्षेत्र में किसी भी प्रकार के निर्माण से पूर्व संबंधित प्राधिकरण से अनुमति लेना अनिवार्य होता है। इसके बावजूद कार्य कराए जाने से विभागीय प्रक्रिया पर सवाल खड़े हो रहे हैं।

### एक ही अधिकारी पर कई जिम्मेदारियां निष्पक्षता पर सवाल

परियोजना से जुड़े उपयंत्री नारायण देशमुख जून माह में सेवानिवृत्त होने वाले हैं, लेकिन वर्तमान में उनके पास एक से अधिक परियोजनाओं की जिम्मेदारी है। इतना ही नहीं, वे अनुविभागीय अधिकारी का प्रभार भी संभाल रहे हैं। ऐसे में मूल्यांकन और सत्यापन जैसी महत्वपूर्ण प्रक्रियाएं भी उन्हीं के अधीन हैं, जिससे निष्पक्षता को लेकर सवाल उठना स्वाभाविक है।स्थानीय ग्रामीणों का आरोप है कि सेवानिवृत्ति से पहले निर्माण कार्यों में असामान्य तेजी लाई जा रही है। उनका कहना है कि यदि परियोजना पूर्ण होकर डूब क्षेत्र में चली गई तो बाद में निर्माण गुणवत्ता की जांच कर पाना लगभग असंभव हो जाएगा।ग्रामीणों ने फिल्टर निर्माण कार्य में भी अनियमितताओं के आरोप लगाए हैं। उनका कहना है कि गुणवत्ता मानकों की अनदेखी कर कार्य कराया जा रहा है। आरोप यह भी है कि जल्दबाजी में निर्माण का उद्देश्य ठेकेदार को अधिकतम भुगतान सुनिश्चित करना हो सकता है।ग्रामीणों ने पूरे मामले की उच्च स्तरीय और निष्पक्ष जांच की मांग की है। उनका कहना है कि यदि समय रहते जांच नहीं हुई, तो न केवल सरकारी धन का दुरुपयोग होगा, बल्कि किसानों को मिलने वाला संभावित लाभ भी प्रभावित होगा।



### रामगढ़ में रानी अवंतीबाई का बलिदान दिवस श्रद्धा और सम्मान के साथ मनाया गया

**अमरपुर**। वीरांगना एवं स्वतंत्रता संग्राम की महान सेनानी रानी अवंतीबाई लोधी का बलिदान दिवस 20 मार्च को उनकी कर्मभूमि रामगढ़ में श्रद्धा और सम्मान के साथ मनाया गया। इस अवसर पर रानी अवंतीबाई समिति द्वारा विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए।कार्यक्रम की शुरुआत प्राचीन राधा कृष्ण मंदिर में विधि विधान से पूजन अर्चन के साथ हुई। इसके पश्चात उपस्थित जनों ने रानी अवंतीबाई के तेलचित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी और उनके अदम्य साहस एवं बलिदान को नमन किया।समिति अध्यक्ष महेंद्र ठाकुर ने अपने संबोधन में कहा कि रानी अवंतीबाई लोधी स्वतंत्रता संग्राम में अपने प्राणों की आहुति देने वाली प्रथम वीरांगनाओं में शामिल थीं। उन्होंने कहा कि उनके आदर्शों पर चलना ही उन्हें सच्ची श्रद्धांजलि होगी।उन्होंने आगे बताया कि 1857 की क्रांति में रामगढ़ की महारानी अवंतीबाई ने रेवांचल क्षेत्र में स्वतंत्रता आंदोलन का नेतृत्व किया और अंग्रेजों के विरुद्ध ऐतिहासिक युद्ध लड़ा जिसका देश की आजादी में महत्वपूर्ण योगदान रहा।इस अवसर पर ग्राम पंचायत सरपंच वंदना ठाकुर गजराज महदेले जी एस ठाकुर सुनील ठाकुर अमरु सिंह ठाकुर सतेंद्र ठाकुर जागे लाल वनवासी सुखनंदन वनवासी सूरज वनवासी बीना बर्मन चमेली बर्मन दीपमाला ठाकुर साधना ठाकुर कृष्णा ठाकुर चंद्रकला बर्मन विमला बर्मन चंदा वनवासी सहित बड़ी संख्या में महिला एवं पुरुष उपस्थित रहे।

## हाईवे निर्माण के नाम पर पेड़ों की कटाई नियमों को दरकिनार करने के आरोप

**डिंडोरी**। शहपुरा से डिंडोरी नेशनल हाईवे पर चल रहे सड़क निर्माण कार्य के दौरान सड़क किनारे लगे पेड़ों की कटाई का मामला सामने आया है। बताया जा रहा है कि हाईवे के दोनों ओर पूर्व में तत्कालीन कलेक्टर द्वारा व्यापक पौधारोपण कराया गया था, जिसमें लिप्टिस और करंज जैसे पौधे लगाए गए थे। वर्षों की देखरेख के बाद ये पौधे अब बड़े होकर पूरे मार्ग को हरियाली और प्राकृतिक सुंदरता प्रदान कर रहे थे। वर्तमान में सड़क निर्माण का कार्य उदित इंफ्रा कंपनी द्वारा किया जा रहा है। जानकारी के अनुसार निर्माण कार्य इन दिनों शारदा टेकड़ी से बरगांव की दिशा में तेजी से जारी है। इसी दौरान शारदा टेकड़ी के नीचे से मुड़की की ओर सड़क किनारे लगे कई पेड़ों को ठेकेदार कंपनी द्वारा काटे जाने की शिकायत सामने आई है। स्थानीय लोगों का आरोप है कि पेड़ों की कटाई बिना आवश्यक अनुमति और नियमों की अनदेखी करते हुए की जा रही है। प्रकृति संरक्षण से जुड़े लोगों और क्षेत्रीय नागरिकों ने इस मामले पर चिंता जताई है। उनका कहना है कि यदि विकास कार्यों के नाम पर इस तरह अंधाधुंध पेड़ों की कटाई होती रही तो क्षेत्र में पर्यावरण संतुलन पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ सकता है। साथ ही सड़क किनारे वर्षों से तैयार हुई हरियाली भी नष्ट हो जाएगी।स्थानीय लोगों ने प्रशासन से मामले की जांच कर दोषी ठेकेदार कंपनी के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने तथा शेष बचे पेड़ों को बचाने के लिए तत्काल कदम उठाने की मांग की है। फिलहाल इस पूरे मामले को लेकर संबंधित विभागों की ओर से कोई आधिकारिक प्रतिक्रिया सामने नहीं आई है।



### कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन सुधार की मांग

## नहर अधूरी खेत सूखे दनदना जलाशय को लेकर किसानों का फूटा आक्रोश

**शहपुरा** – मेंहदवानी जनपद क्षेत्र के दनदना जलाशय से जुड़े किसानों ने सिंचाई व्यवस्था में सुधार की मांग को लेकर कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा है। सरपंचों जनपद पंचायत सदस्य व जिला पंचायत सदस्य सहित अन्य जनप्रतिनिधियों एवं ग्रामीणों ने एकजुट होकर नहर व्यवस्था में सुधार की मांग उठाई। किसानों का कहना है कि मुख्य नहर और माइनरों की अधूरी स्थिति के कारण खेतों तक पर्याप्त पानी नहीं पहुंच पा रहा है, जिससे फसलों पर विपरीत असर पड़ रहा है।किसानों ने बताया कि सुखलौड़ी राखी खम्हरिया उमरिया चाटा खजरवारा सुड़गांव पारापानी कठौतिया बगली एवं भुरका सहित कई गांवों के किसान इस समस्या से जूझ रहे हैं। माइनर क्रमांक 01 में पानी आगे तक नहीं पहुंच रहा है, जबकि माइनर 05 को लगभग 2 किलोमीटर और माइनर 06 को करीब 3 किलोमीटर तक बढ़ाने की आवश्यकता है, ताकि अधिक किसानों को सिंचाई सुविधा मिल सके।



### अधूरे निर्माण पर उठाए सवाल

ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि पूर्व में नहर निर्माण कार्य अधूरा छोड़ दिया गया, जबकि कागजों में इसे पूर्ण दर्शा दिया गया है। किसानों ने इस मामले की जांच कराकर अधूरे निर्माण कार्य को पूरा कराने की मांग की है। साथ ही सभी माइनरों की मरम्मत एवं कांक्रीटीकरण कराने की आवश्यकता बताई गई है।किसानों का कहना है कि मार्च से जून के बीच खेत खाली रहते हैं, ऐसे में इसी अवधि में मरम्मत और निर्माण कार्य कराना सबसे उपयुक्त रहेगा। इससे आगामी फसल सीजन में समय पर पानी मिल सकेगा और उत्पादन में सुधार होगा।किसानों ने स्पष्ट चेतावनी दी है कि यदि जल्द ही उनकी मांगों पर कार्रवाई नहीं की गई, तो वे उग्र आंदोलन के लिए बाध्य होंगे।इसकी पूरी जिम्मेदारी शासन-प्रशासन की होगी। ज्ञापन सौंपते समय जनप्रतिनिधियों सहित बड़ी संख्या में किसान मौजूद रहे।

## कठौतिया सुड़गांव में गूंज रही भक्ति की ध्वनि श्रीमद् देवी भागवत महापुराण का भव्य शुभारंभ

**शहपुरा - मेहंदवानी**। जनपद पंचायत अंतर्गत ग्राम कठौतिया सुड़गांव इन दिनों भक्ति और आस्था के रंग में रंगा हुआ है। यहां चैत्र नवरात्रि के पावन अवसर पर श्रीमद् देवी भागवत महापुराण का भव्य आयोजन श्रद्धा, उल्लास और धार्मिक वातावरण के बीच प्रारंभ हुआ है। यह आयोजन 19 मार्च से 28 मार्च 2026 तक संपन्न होगा जिसमें प्रतिदिन बड़ी संख्या में श्रद्धालु कथा श्रवण के लिए पहुंच रहे हैं। आयोजन के प्रथम दिवस गांव में विशाल एवं आकर्षक कलश यात्रा निकाली गई। पारंपरिक वेशभूषा में सजी सैकड़ों महिलाओं ने सिर पर कलश धारण कर यात्रा में भाग लिया। गांव के प्रमुख मार्गों से होते हुए कथा स्थल तक पहुंची इस यात्रा के दौरान भजन-कीर्तन, ढोल-नगाड़ों और जयकारों से पूरा वातावरण भक्तिमय हो उठा।महापुराण के प्रथम दिवस पौराणिक आचार्य पं. अमन पाठक ने देवी महिमा एवं उनके दिव्य चरित्रों का भावपूर्ण वर्णन किया। उन्होंने अपने प्रवचन में बताया कि मां भगवती अपने भक्तों के कष्टों का निवारण कर उन्हें सुख-समृद्धि और शांति का आशीर्वाद प्रदान करती हैं। उनकी ओजस्वी एवं सुमधुर वाणी श्रद्धालुओं को कथा से जोड़ रही है और धर्म, भक्ति तथा संस्कारों का संदेश दे रही है। इस धार्मिक आयोजन के मुख्य यजमान सेवानिवृत्त शिक्षक बालगोविंद साहू एवं गिरजा साहू हैं। आयोजन में उनके पुत्र डॉ. संजय साहू एवं पुत्रवधू सुशीला साहू का विशेष सहयोग मिल रहा है। आयोजन समिति द्वारा श्रद्धालुओं के लिए बैठने, पेयजल सहित अन्य आवश्यक व्यवस्थाएं सुव्यवस्थित की गई हैं।कथा श्रवण के लिए न केवल ग्राम कठौतिया सुड़गांव बल्कि आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों से भी बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंच रहे हैं। यह आयोजन क्षेत्र में धार्मिक आस्था के साथ-साथ सामाजिक एकता और सांस्कृतिक परंपराओं को भी सुदृढ़ कर रहा है।



## कटाई से पहले तबाह हुई गेहूं-चना की फसलें

### सर्वे कर राहत देने की मांग को लेकर किसान चिंतित

**शहपुरा - जनपद** पंचायत शहपुरा अंतर्गत ग्राम ढोंढ़ा सहित आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में अचानक बदले मौसम ने किसानों की मुश्किलें बढ़ा दी हैं। क्षेत्र में तेज बारिश और ओलावृष्टि होने से खेतों में खड़ी फसलें बुरी तरह प्रभावित हुई हैं। किसानों के अनुसार गेहूं, चना, मसूर सहित अन्य रबी फसलों को व्यापक नुकसान पहुंचा है। कई स्थानों पर खेतों में ओलों की परत जमने से फसलें जमीन पर गिर गईं, जिससे उत्पादन पर गंभीर असर पड़ने की आशंका जताई जा रही है। ग्रामीण किसानों का कहना है कि वे फसल कटाई की तैयारी में लगे हुए थे, लेकिन अचानक आई इस प्राकृतिक आपदा ने उनकी महीनों की मेहनत पर पानी फेर दिया। जिन किसानों ने कर्ज लेकर खेती की थी, उनके सामने अब आर्थिक संकट गहरा गया है। फसल खराब होने से परिवार के भरण-पोषण और आगामी खेती की व्यवस्था को लेकर भी चिंता बढ़ गई है। पीड़ित किसानों ने जिला प्रशासन से मांग की है कि प्रभावित गांवों का जल्द से जल्द राजस्व अमले से सर्वे कराया जाए और नुकसान के अनुसार उचित मुआवजा प्रदान किया जाए। किसानों का कहना है कि यदि समय रहते शासन-प्रशासन द्वारा राहत नहीं मिली तो क्षेत्र में आजीविका का संकट खड़ा हो सकता है। वहीं ग्रामीणों ने भी प्रशासन से संवेदनशीलता दिखाते हुए त्वरित सहायता की अपेक्षा जताई है।




## मीनाक्षी गौतम का नवोदय विद्यालय में चयन



**शहपुरा**। डिंडोरी जिला के ग्राम मेंहदवानी स्थित सरस्वती शिशु मंदिर में अध्ययनरत कक्षा पाँचवी की छात्रा मीनाक्षी गौतम का नवोदय विद्यालय धमनगांव की चयन परीक्षा में चयन हुआ है। इस उपलब्धि से न केवल विद्यालय परिवार बल्कि पूरे गांव में खुशी का माहौल है। मीनाक्षी गौतम, पिता संतोष गौतम एवं माता वंदना गौतम की सुपुत्री हैं। सीमित संसाधनों के बावजूद मीनाक्षी ने अपनी मेहनत, लगन और नियमित अध्ययन के बल पर यह महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त की है। छात्रा के चयन पर विद्यालय के शिक्षकों ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए उसके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है। साथ ही अभिभावकों एवं ग्रामवासियों ने भी मीनाक्षी को शुभकामनाएं संदेश प्रेषित कर उसे आगे भी इसी प्रकार उत्कृष्ट प्रदर्शन करने के लिए प्रेरित किया है। विद्यालय प्रबंधन ने कहा कि मीनाक्षी की सफलता अन्य विद्यार्थियों के लिए भी प्रेरणा बनेगी और इससे क्षेत्र में शिक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ेगी।

## पूर्व राज्यमंत्री जालम सिंह पटेल ने वीरांगना रानी अवंतीबाई को दी श्रद्धांजलि

डिंडौरी।

वीरांगना रानी अवंतीबाई लोधी के बलिदान दिवस पर पूर्व राज्यमंत्री जालम सिंह पटेल ने जिला मुख्यालय डिंडौरी स्थित मुख्य बस स्टैंड परिसर में स्थापित उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। इसके पश्चात उन्होंने ग्राम बालपुर पहुंचकर रानी अवंतीबाई के समाधि स्थल एवं प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर नमन किया।इस अवसर पर श्री पटेल ने कहा कि रानी अवंतीबाई का बलिदान देशभक्ति साहस और स्वाभिमान का प्रतीक है। उन्होंने देश की स्वतंत्रता के लिए अपना सर्वोच्च बलिदान दिया जिसे सदैव याद रखा जाएगा। उन्होंने युवाओं से आह्वान किया कि वे रानी अवंतीबाई के आदर्शों को अपने जीवन में अपनाते हुए राष्ट्र निर्माण में सक्रिय भूमिका निभाएं।कार्यक्रम के दौरान जनप्रतिनिधियों एवं नागरिकों ने भी प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर वीरांगना को श्रद्धांजलि दी।



इस अवसर पर डिंडौरी प्रवास पर रहे विधायक हाकम सिंह चड़ार जीतेन्द्र ठाकुर वीरेन्द्र पटेल संतोष दुबे सांसद फग्गन सिंह कुलस्ते शहपुरा विधायक ओमप्रकाश धुर्वे जिला पंचायत अध्यक्ष रुद्रेश परस्ते जनपद अध्यक्ष आशा सिंह नगर परिषद अध्यक्ष सुनीता सारस जिला पंचायत उपाध्यक्ष अंजू ब्योहार जिलाध्यक्ष चमरू सिंह नेताम जनपद सदस्य कीर्ति गुप्ता पूर्व विधायक दुलीचंद उरैती महिला मोर्चा अध्यक्ष नरबदिया मरकाम जिला पंचायत सदस्य हीरा रुद्रेश परस्ते पूर्व जिलाध्यक्ष नरेंद्र राजपूत वरिष्ठ कार्यकर्ता राजेंद्र पाठक उपाध्यक्ष महेश धूमकेती भगीरथ उरैती सुधीर दत्त तिवारी पवन शर्मा परसराम नागेश रविदत्त राय बद्री प्रसाद साहू लक्ष्मण सिंह ठाकुर हीरेन्द्र रीतेश जैन रजनीश राय स्मिता बर्मन उपाध्यक्ष सारिका नायक एवं पार्षदगण सहित अन्य स्थानीय जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।साथ ही कलेक्टर अंजू पवन भदौरिया पुलिस अधीक्षक वाहनी सिंह सीईओ जिला पंचायत दिव्यांशु चौधरी डीएफओ अशोक सोलंकी अपर कलेक्टर जेपी यादव एसडीएम शहपुरा ऐश्वर्य वर्मा एसडीएम डिंडोरी भारती मेरावी एसडीएम बजाग रामबाबू देवांगन डिप्टी कलेक्टर वैधनाथ वासनिक डिप्टी कलेक्टर प्रियांशी जैन तहसीलदार रामप्रसाद मार्को शशांक शेंडे नगर पालिका सीएमओ अमित तिवारी सहित समस्त जिला अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

## शहपुरा में भगवान झूलेलाल जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया गया



**शहपुरा**। शहपुरा में सिंधी समाज द्वारा प्रतिवर्ष की तरह इस वर्ष भी आराध्य देव भगवान झूलेलाल जी का जन्मोत्सव श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाया गया। इस आयोजन में समाज के पुरुष महिलाएं और बच्चों ने बढ़ चढ़कर भाग लिया।जन्मोत्सव के अवसर पर मुख्य कार्यक्रम शहीद स्मारक पर आयोजित हुआ जहां समाज के लोगों ने एकत्र होकर भगवान झूलेलाल जी की पूजा अर्चना की और समाज की सुख समृद्धि की कामना की।इस अवसर पर विशाल भंडारे का आयोजन किया गया जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। दोपहर के बाद नगर के प्रमुख मार्गों से भगवान झूलेलाल जी की भव्य शोभायात्रा निकाली गई। ढोल नगाड़ों और भजनों के साथ निकली इस यात्रा में श्रद्धालु नाचते गाते आगे बढ़े। नगरवासियों ने विभिन्न स्थानों पर पुष्प वर्षा कर शोभायात्रा का स्वागत किया।कार्यक्रम का समापन शाम को महाआरती के साथ हुआ। इस दौरान पूरा सिंधी समाज उपस्थित रहा और वातावरण भक्तिमय बना रहा। समाज के वरिष्ठ जनों ने सफल आयोजन के लिए सभी का आभार व्यक्त किया।

## पानी की समस्या से जूझ रहा श्रमवीरों का परिवार

**कोतमा**। नगर के वार्ड क्रमांक 12 गोविंदा कॉलोनी एवं वार्ड नंबर 13 लहसुई कैंप में दो दिनों से पेयजल की सप्लाई नहीं होने से श्रमवीरों का परिवार पानी की समस्या से जूझ रहा है। कालरी प्रबंधन के द्वारा श्रमवीर कॉलोनियों में पेयजल की व्यवस्था करने में नाकाम साबित होता दिखाई दे रहा है। जानकारी के अनुसार नगर पालिका परिषद कोतमा के वार्ड क्रमांक 12 गोविंदा कालोनी एवं लहसुई कैंप कालोनी में जहां श्रम वीरों का परिवार निवास करता है और उस कॉलोनी की व्यवस्था की जिम्मेदारी कालरी प्रबंधन की है। पाइपलाइन के माध्यम से फिल्टर प्लांट से कालरी प्रबंधन के द्वारा पेयजल की सप्लाई की जाती है बताया जा रहा है कि गुरुवार से पानी की सप्लाई बाधित है। बुधवार गुरुवार की दरमियानी रात अचानक आये मौसम मे परिवर्तन के कारण तेज आंधी तूफान एवं बिजली कड़कने के साथ ही बारिश होने के कारण केवई नदी मे लगा मोटर जल गया जिसके कारण पानी सप्लाई पूरी तरह से दोनों कॉलोनियों की बाधित हो गई थी। जिसके कारण दो दिनों से गर्मी के मौसम में श्रमवीरों का परिवार पानी के लिए परेशान होता नजर आया। कॉलोनियों में पेयजल की सप्लाई नहीं होने के कारण श्रमवीरों का परिवार पीने के पानी के लिए एवं उपयोग के लिए इधर-उधर परेशान होता नजर आ रहा था। कोल प्रबंधन के द्वारा कालोनियों मे एक टैंकर के माध्यम से पानी की सप्लाई तो करता नजर आया वह भी अधिकारियों के निवास के आसपास किया गया लेकिन मजदूरों की कालोनी तक नही पहुंचा जिसके कारण लोगों को पर्याप्त मात्रा में पानी नहीं मिल पाया। नगर पालिका के द्वारा पानी टैंकर के माध्यम से गोबिंदा, लहसुई कालोनियों मे पानी सप्लाई पार्षद मीना सिंह के प्रतिनिधि अर्पण सिंह विक्कू स्वयं उपस्थित रहते हुए वितरण करवा रहे हैं। बताया जा रहा है कि नगर के वार्ड क्रमांक 12 गोविंदा कॉलोनी में कोल प्रबंधन के द्वारा पेयजल सप्लाई के लिए पेयजल संयंत्र स्थापित किया हुआ है और केवई नदी से पाइपलाइन के माध्यम से फिल्टर प्लांट में पेयजल आपूर्ति की व्यवस्था करता है। बुधवार गुरुवार को आकाशीय बिजली चमकने के कारण केवई नदी मे लगा मोटर पंप जल गया या जिसके कारण पानी की सप्लाई बाधित होना बताया जा रहा है। पेयजल संयंत्र में कार्यरत अधिकारियों एवं सिविल विभाग की लापरवाही के कारण हर 3 माह में कॉलोनी में पेयजल की समस्या उत्पन्न हो रही है जिसके कारण अब यह चर्चा होनी शुरू हो गई है कि अधिकारियों की लापरवाही के कारण आये दिन पानी सप्लाई बाधित हो जाती है जबकि कोतमा नगर पालिका के द्वारा भी केवई नदी में मोटर लगाया गया है जिसके माध्यम से फिल्टर प्लांट में पानी भरा जाता है लेकिन कालरी प्रबंधन की लापरवाही के कारण कभी पाइपलाइन क्षतिग्रस्त होने के कारण कभी अन्य कारणों से पेयजल सप्लाई बाधित हो जाती है जिसके कारण कभी तीन तो कभी पांच दिनों तक पानी सप्लाई बाधित कर दिया जाता है।

## खबर संक्षेप

### अचानक बिगड़े मौसम ने किसानों की बढ़ाई चिंता

**तेंदूखेड़ा।** शुक्रवार को अचानक तेज हवाओं के साथ हुई बूंदा-बांदी से किसानों की चिंतायें बढ़ गई है। किसानों का कहना है कि खेतों में चना मसूर और गेंहू की फसल पकी हुई खड़ी है। और यदि मौसम आगे बिगड़ता है तो फसलों को नुकसान हो सकता है। 50 प्रतिशत से ज्यादा तो फसलें कट चुकीं हैं। लेकिन अभी थ्रेसिंग होना बाकी है। खेतों में लांक पड़ी हुई है। कुछ फसल कटने को खड़ी हुई है। गेहूं की फसल लगभग 80 प्रतिशत से ज्यादा खड़ी हुई है।हवायें चलने से गेहूं की फसल आड़ी हो सकती है। काटने में अधिक परेशानी होगी हार्वेस्टिंग नहीं हो सकती है।मौसम को देखते हुए किसान जी जान से फसल काटने में जुट गए हैं।

### संपन्न हुये अधिवक्ता संघ के चुनाव



**तेंदूखेड़ा।** विगत दिवस तेंदूखेड़ा अधिवक्ता संघ के चुनाव सम्पन्न हुए जिसमें अध्यक्ष बसंत पटेल उपाध्यक्ष श्रीमति यामिनी राय सचिव अर्पित राय सह सचिव वर्षा जैन कोषाध्यक्ष सुनील कुमार पटेल तथा ग्रंथ पाल शिवगिरी गोस्वामी निर्वाचित हुए नव निर्वाचित हुए। चुनाव प्रक्रिया संपन्न कराने में वरिष्ठ एड , चंदन श्रीवास्तव ब्रजेश शर्मा धाकड़ दिनेश धाकड़ की सराहनीय भूमिका रही।नव निर्वाचित पदाधिकारियों को शुभचिंतकों ने बधाईयां प्रेषित की हैं।

### जहरीली वस्तु के सेवन से व्यक्ति की मौत

**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** गत दिवस थाना क्षेत्र मुंगवानी निवासी युवक द्वारा अज्ञात कारणों से जहरीली वस्तु का सेवन कर लिया जिससे उसकी मौत हो गई। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार राजकुमार पिता मुन्नालाल प्रजापति उम्र 30 वर्ष निवासी देवनगर नया थाना मुंगवानी द्वारा अज्ञात कारणों से जहरीली वस्तु के सेवन कर लिया जिसे परिजनों द्वारा उपचार हेतु जिला चिकित्सालय लाया गया जहां पर डाक्टरों द्वारा मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने मर्ग पंचनामा तैयार कर शव का परीक्षण कराकर परिजनों को सौंप दिया।

### सर्पदंश से व्यक्ति की मौत

**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** गत दिवस थाना क्षेत्र ठेमी निवासी की सर्पदंश से मौत हो गई। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार नेतराम पटेल पिता हल्के लोधी अपने खेत में सिचाई कार्य करते समय सर्प ने काट लिया जिसे परिजनों द्वारा उपचार हेतु जिला चिकित्सालय लाया गया जहां पर डाक्टरों द्वारा मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव को कब्जे मे लेकर मर्ग पंचनामा तैयार शव का परीक्षण कराकर परिजनों को सौंप दिया।

### सेल्फॉस के सेवन से व्यक्ति की मौत

**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** गत दिवस थाना क्षेत्र स्टेशनगंज निवासी व्यक्ति द्वारा अज्ञात कारणों से सेल्फॉस का सेवन कर लिया जिससे उसकी मौत हो गई। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार दौलत पटेल पिता नेतराम उम्र 36 वर्ष निवासी डोंगरगांव थाना स्टेशनगंज द्वारा अज्ञात कारणों से जहरीली वस्तु के सेवन कर लिया जिसे परिजनों द्वारा उपचार हेतु जिला चिकित्सालय लाया गया जहां पर डाक्टरों द्वारा मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने मर्ग पंचनामा तैयार कर शव का परीक्षण कराकर परिजनों को सौंप दिया।

### संबल योजना अंतर्गत श्रमिकों की ई-केवायसी अनिवार्य

**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** श्रमपदाधिकारी नरसिंहपुर ने बताया कि शासन के निर्देशानुसार मुख्यमंत्री जनकल्याण संबल योजनांतर्गत और मप्र भवन एवं अन्य संनिर्माण कर्मकार कल्याण मंडल अंतर्गत पंजीकृत सभी श्रमिकों की ई-केवायसी करना अनिवार्य कर दिया गया है। ई-केवायसी के माध्यम से श्रमिकों की पहचान एवं पात्रता का सत्यापन किया जाएगा, जिससे उन्हें योजनाओं का लाभ निर्बाध रूप से प्राप्त हो सके।




## कांग्रेस के कार्यक्रम में कार्यकर्ता आपसे में भिड़े

# कार्यकर्ताओं में नकेल नहीं कस पाए नकुलनाथ



**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** शुक्रवार को कांग्रेस द्वारा रानी अंबती बाई के बलिदान दिवस पर कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में छिंदवाड़ा के पूर्व सांसद नकुल नाथ भी शामिल हुए। कार्यक्रम का शुभारंभ बड़े हर्षोल्लास के साथ हुआ जिले भर से आए कांग्रेस कार्यकर्ताओं में भी उत्साह दिखा। लेकिन कार्यक्रम पूर्ण होने की आधिकरिक घोषण के बाद केवल सांसद नकुल नाथ के मंच से उतरते ही कार्यक्रर्ता आपस में भिड़ गए और आरोप - प्रत्यारोप के साथ हाथ पांव भी चलाना प्रारंभ हो गया। मौके पर उपस्थित पुलिस द्वारा मामले का मोर्चा संभाला और कार्यकर्ताओं को अलग - अलग कर मामले को शांत कराया गया। लेकिन इस घटना की चर्चा बांस के जंगल मे आग की तरह फैल गई।

### प्रदेश सरकार पर साधा निशाना

प्रदेश सरकार की नीतियों के कारण मध्य प्रदेश लगातार पिछड़ रहा है सरकार लोगों की सुन नही रही गूंगी बहरी बनी हुई है। युवा किसान और महिलाएं परेशान हैं। उक्त आरोप वीरांगना रानी अवंती बाई के बलिदान दिवस पर जिला कांग्रेस द्वारा जनपद कॉम्लेक्स में आयोजित समारोह में पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ के पुत्र एवं छिंदवाड़ा के पूर्व सांसद नकुलनाथ ने लगाए। श्री नाथ ने रानी अवंती बाई के बलिदान पर चर्चा करते हुए कहा कि उनके संघर्ष से हम प्रेरणा लेना है और आज कांग्रेस को प्रदेश सरकार की नीतियों के खिलाफ सड़क पर उतरना होगा। क्योंकि प्रदेश किसान युवा और महिला उत्पीड़न के मामलों में देश में अव्वल बन रहा है। सरकार हर मोर्चे पर असफल हो रही है महंगाई, बेरोजगारी बढ़ रही है और किसान परेशान है भ्रष्टाचार चरम पर है। आपने कहा कि अनेक स्थानों पर आंधी और बारिश के कारण रवि फसल को नुकसान हुआ है हमारी मांग है कि तत्काल सरकार सर्वे करा कर किसानों को मुआवजा दे। गैस, पेट्रोल को लेकर भी सरकार पर तंज कसा।

### मुख्य कार्य तो हुआ ही नही

कार्यक्रम मुख्य रूप से जिले के कांग्रेस कार्यकर्ताओं मे संगठित रहने व उत्साह बढ़ाने के लिए आयोजित किया गया था परन्तु कार्यक्रम पूरा होने के बाद अतिथि मंच से पूरी तरह उतर पाते उसके पूर्व ही कार्यकर्ता आपस मे अभद्रता करने लगे और एक दूसरे पर हाथ पांव की जोर अजमाइस चालू हो गई। कार्यकर्ताओं को आपस मे मारपीट करते हुए देखा तो पुलिस ने बीच मे आकर मामले शांत कराते हुए कार्यकर्ताओं को अलग - अलग किया गया। हालाकि उक्त मामले मे किसी भी गुट द्वारा प्रकरण दर्ज नही कराया गया। उक्त घटना को लेकर कोई आधिकारिक जानकारी आयोजनकर्ताओं द्वारा नही दी गई। विवाद का कारण अभी भी आधिकारिक नही है। लेकिन कार्यकर्ताओं मे धक्कामुक्की हुई है।

### वर्चस्व का हुआ टकराव



कांग्रेस द्वारा रानी अवंती बाई बलिदान दिवस पर कार्यक्रम आयोजित कर छिंदवाड़ा पूर्व सांसद नकुल नाथ जन सभा को संबोधित करने के लिए पहुंचे थे कार्यक्रम पूर्ण होने के बाद नेता मंच से उतर रहे थे तभी तनाव से पूर्ण कार्यकर्ता आपस मे भिड़ गए। विवाद की वजह क्या थी कोई स्पष्ट नही कर पा रहा है लेकिन बताया जा रहा है कि पूर्व विधायक सुनील जयसवाल एवं लाखन सिंह के सर्मथक आपस मे भिड़ थे। उक्त घटना से ये साबित हो गया कि कांग्रेस के अंदर खाने चल रही गुटबाजी पूरी तरह रोड पर भी आ गई। यह घटना नेताओं के वर्चस्व का टकराव बताया जा रहा है। विचारणीय यह भी है कि कांग्रेस के दिग्गज नेता मंच पर थे कार्यकर्ताओं को चाहिए था कि मंच बैठे उनके नेताओं का तो लिहाज कर लेते। घटना के समय मंच जिला कांग्रेस अध्यक्ष सुनीता पटेल, पूर्व विधानसभा अध्यक्ष एन पी प्रजापति, पूर्व विधायक संजय शर्मा, वरिष्ठ नेता लाखन सिंह पटेल, नरसिंहपुर जिला कांग्रेस प्रभारी आलोक मिश्रा, प्रदेश युवा कांग्रेस अध्यक्ष यश घनघोरिया, पूर्व विधायक दीनदयाल ढिमोले, विनय सक्सेना, पूर्व जिला कांग्रेस अध्यक्ष मैथिलीशरण तिवारी, नरेंद्र राजपूत, दीवान शैलेंद्र सिंह, मनीष साहू, धनीराम पटेल के अलावा बड़ी संख्या में कांग्रेस के पदाधिकारी कार्यकर्ता मौजूद थे।



## जल संरक्षण व संवर्धन की दिशा में गतिविधियां आयोजित

**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने इंदौर से राज्य स्तरीय जल गंगा संवर्धन अभियान के तृतीय चरण का शुभारंभ किया। इसी क्रम में विक्रम संवत 2083 के शुभारंभ अवसर पर मप्र जनअभियान परिषद नरसिंहपुर के तत्वाधान में जिला मुख्यालय नरसिंहपुर स्थित सींगरी नदी के बाबाघाट में जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत कार्यक्रम आयोजित किया गया। यह कार्यक्रम नेहरू वार्ड, गांधी वार्ड एवं राजीव वार्ड के वार्ड विकास प्रस्फुटन समितियों के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित हुआ। कार्यक्रम का उद्देश्य जल संरक्षण एवं संवर्धन के प्रति जनजागरूकता बढ़ाना, नदी एवं अन्य जल स्रोतों के संरक्षण के लिए सामुदायिक सहभागिता सुनिश्चित करना तथा पर्यावरण संरक्षण और स्वच्छता को बढ़ावा देना रहा। कार्यक्रम का शुभारंभ जल कलश पूजन, सूर्य उपासना एवं अर्घ्य अर्पण के साथ किया गया। इसके पश्चात भगवान शिव का पूजन-अर्चन कर सूर्य ध्वज की स्थापना की गई।

### तिलक वंदन कर किया स्वागत



**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** गत दिवस वैश्य महासम्मेलन की स्थापना दिवस एवं चैत्र नवरात्रि हिंदू नव वर्ष के शुभारंभ पर वैश्य महासम्मेलन नरसिंहपुर इकाई द्वारा स्थानीय सदर मढ़िया परिसर में उपस्थित जन समुदाय को तिलक वंदन कर श्रद्धालुओं का स्वागत किया गया। इस कार्यक्रम में वैश्य महासम्मेलन प्रदेश महामंत्री इंजी. सुनील कोठारी जिला महामंत्री विनीत नेमा तहसील इकाई अध्यक्ष इंजी. के के सोनी विकास नेमा एडवोकेट संदीप नेमा एवं बड़ी संख्या में वैश्य बंधु एवं मातृशक्ति उपस्थिति रही।

### दिल्हेरी में जनसुनवाई का आयोजन



**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** गिवत दिवस शक्कर बांध परियोजना की पर्यावरणीय स्वीकृति के संबंध में जनसुनवाई का आयोजन ग्राम दिल्हेरी, तहसील करेली, जिला नरसिंहपुर में किया गया। यह जनसुनवाई अतिरिक्त जिला दण्डाधिकारी, नरसिंहपुर एवं रीजनल ऑफिसर, प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड, जबलपुर की अध्यक्षता में संपन्न हुई। कार्यक्रम में आसपास के गांवों के बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे। ग्रामीणों ने परियोजना से संबंधित अपनी आपत्तियां एवं सुझाव लिखित तथा मौखिक रूप से अधिकारियों के समक्ष प्रस्तुत किए। अधिकारियों द्वारा सभी प्राप्त आपत्तियों एवं सुझावों को विधिवत दर्ज कर आगे की आवश्यक कार्यवाही हेतु संज्ञान में लिया गया।

### कब्रस्तान भूमि को लेकर सौंपा ज्ञापन

**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** गत दिवस मुस्लिम समुदाय द्वारा तहसीलदार को ज्ञापन सौंप कर कार्रवाई मांग की गई। ज्ञापन में उल्लेख किया गया है कि मौजा कंदेली जरजोला स्थित खसरा नं. 70/2 कब्रस्तान भूमि व जामा मस्जिद भूमि पर अनावेदकगणों प्रहलाद यादव पिता चंद्रभान यादव, श्याम यादव, राजेश पिता इमरत यादव, हेमराज पिता भगावानदास यादव, श्रीमति जमना बाई पत्नि सुंदरलाल नाल यादव, चंद्रभान यादव, आ. पूरनलाल यादव, हीरालाल आ. गोकल यादव, श्रीमति गीता पिता राजेश यादव, श्रीमति उमा साहू पति राकेश साहू इत्यादि के द्वारा जबरदस्ती मार्ग बनाया जा रहा व सीमांकन किये तार बाउंड्री को तोड़ा जा रहा है। आवेदकगणों द्वारा मना करने पर अनावेदकगणों झगड़े पर आमादा है। ज्ञापन सौंप कर कार्रवाई की मांग की गई है। उक्त मौके पर बड़ी संख्या मे मुस्लिम समुदाय के लोग मौजूद रहे।

# तीन रुपों में दर्शन देती है मां हरसिद्धि

### जल चढ़ाने श्रद्धालुओं का लगा तांता

**तेंदूखेड़ा-** शक्ति साधना का महापर्व चेत्रीय नवरात्र संपूर्ण क्षेत्र में भक्ति भाव आस्था पूर्वक मनाया जा रहा है। श्रद्धालु जन अपनी अपनी शक्ति सामर्थ्य के अनुसार माता रानी की भक्ति में लीन बनें हुए हैं। कोई नंगे पैर तो कोई मौन धारण कर व्रत रखकर मातारानी की साधना कर रहे है। वहीं क्षेत्र का सबसे प्राचीन सिद्ध हरसिद्धि मंदिर में सुबह चार बजे से ही बड़ी संख्या में श्रद्धालु मां हरसिद्धि को जल चढ़ाने के लिए कतार वद्ध हो जाते हैं। शाम के समय भी आरती में दर्शनार्थियों की भीड़ एकत्रित हो जाती है। जनास्था के केंद्र बनें इस मंदिर में विराजमान मां हरसिद्धि देवी दिन में अपने तीन रुपों में दर्शन दिया करती हैं प्रातःकाल बाल दोपहर में युवा और शाम को वृद्ध स्वरुप में दर्शन होते है। उनके हिसाब से ही चेहरा स्पष्ट झलकता है। वैसे तो प्रतिदिन बड़ी संख्या में श्रद्धालु यहां आते हैं लेकिन चेत्रीय और शारदीय नवरात्र में मां हरसिद्धि देवी के दर्शन के लिए दूर-दूर से श्रद्धालु बड़ी संख्या मं। सपरिवार पहुंचा करते हैं। सच्चे मन से मांगी गई हर मुराद पूर्ण होने के कारण लोगों की आस्था बनी हुई है। तथा नवरात्रि में पूजन के लिए श्रंद्धालुजन दूर दूर से यहां आकर पूजन अर्चन किया करते है मंदिर के इतिहास के बारे में पुराने लोग बताते हैं कि यह मंदिर लगभग 150 वर्ष पुराना है। किसी विश्वकर्मा श्रद्धालु द्वारा इसे बनवाया था। सागर जिले की रानगिर और इस मंदिर में विराजमान हरसिद्धि देवी एक स्वरुप में है। नगर के बाहर घने जंगल के बीच इस मंदिर को बनाया था। अधिक जंगल होने के कारण जंगली जानवरों का भी यहां पर डेरा बना रहता था। बाजू से बहने वाली नदी में वर्ष भर पानी रहने के कारण पानी पीने मंदिर के इर्द गिर्द जानवर घूमते नजर आते थे। घनघोरता और जानवरों के भय से लोग अकेले नहीं आ पाते थे। लेकिन शनै शनै कटते जंगलों के कारण जहां जानवर भी भाग निकले वहीं अब मंदिर परिसर ने विशाल स्वरुप धारण कर लिया है श्रद्धालु जनों के सहयोग से विशाल मंदिर बन गया है।



### अखंड ज्योति एवं जबारे कलश की स्थापना

वैसे तो वर्ष भर तरह-तरह के अनुष्ठान पूजन कार्यक्रम यहां पर चलते रहते हैं लेकिन नवरात्रि में विशेष साधना मंदिर परिसर में संपन्न हुआ करती हैं। अखंड ज्योति के साथ दुर्गा पाठ परिसर में जवारे कलश तथा दुर्गा प्रतिमा भी विराजमान की जाती है। मंदिर की विशेष साज-सज्जा भी की गई है। यह मंदिर राष्ट्रीय राजमार्ग क्रमांक 45 भोपाल जबलपुर सड़क मार्ग के बीचों-बीच तेंदूखेड़ा में स्थित है। मंदिर के रसिक पुजारी ने बताया कि काफी लंबे समय से यहां पर पूजन करते चले आ रहे हैं। प्रात काल जल चढ़ाने वालों की लंबी लंबी कतारें लगा करती है । रात्रि में आरती और दर्शन के लिए श्रंद्धालुजन आते हैं। पंचमी तिथि पर देवी गीतों का आयोजन हुआ करता है। तथा दोपहर में महिलाओं द्वारा भजन कीर्तन होते हैं। तथा निर्माण समिति प्रमुख मुकेश बाजपेई बताते हैं कि यह मंदिर जनास्था का केंद्र बना हुआ है जनसहयोग से ही विशाल भव्य मंदिर का स्वरुप धारण कर पाया है। क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों के द्वारा भी समय-समय पर बड़ी राशि देकर यहां पर निर्माण में अपना योगदान दिया है। जिसे काफी सुव्यवस्थित बनाया जा रहा है।